राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

द्वारा – ईमेल

क्रमांकःपैरामेडिकल.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2018/ 298 दिनांकः 18.03.2019

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज/संस्थान,
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर, राजस्थान।

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर, के डिप्लोमा कोर्सेज शैक्षणिक सत्रों की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरवाये जाने के सम्बन्ध में।

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के डिप्लोमा कोर्सेज शैक्षणिक सत्र 2017–18 प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा के साथ ही सत्र 2015–16 के प्रथम वर्ष की द्वितीय रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा तथा सत्र 2016–17 की प्रथम रिमाण्डेड/पूरक परीक्षाओं का आयोजन एक साथ ही किये जाने का निर्णय किया गया है। तदहेतु ऑन–लाईन आवेदन भरने की निम्न तिथियॉ एवं शुल्क राशि निर्धारित की गई हैः–

ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फार्म (2017–18 प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा तथा रिमाण्डेड परीक्षा सत्र 2015–16 एवं 2016–17) भरने की तिथियॉ (साधारण शुल्क के साथ)	19.03.2019 **(प्रातः 08:00 बजे पश्चात्)** से 28.03.2019 तक	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000/– रूपये
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियॉ (विलम्ब शुल्क के साथ)	29.03.2019 से 02.04.2019 तक	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये एंव विलम्ब फीस – 200/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000/– रूपये तथा विलम्ब शुल्क – 200/– रूपये
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियॉ (डबल परीक्षा शुल्क के साथ)	03.04.2019 से 08.04.2019 तक	प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000+2000= 4000/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000+1000= 2000/– रूपये
कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म वेरिफाई करने की अन्तिम तिथि	09.04.2019	–
कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म की सत्यापित सूची, हार्ड प्रति में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर कार्यालय में भिजवाने की अन्तिम तिथि	12.04.2019	–

सत्र 2015–16, सत्र 2016–17 एवं सत्र 2017–18 के अभ्यर्थियों को कॉलेज/संस्थान अपने स्तर से ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की जानकारी से तुरन्त अवगत करावेगें, कॉलेज/संस्थान के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करें। यदि अभ्यर्थी किसी कारणवश निर्धारित समयावधि में ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन भरने में असमर्थ रहता है तो उसके लिए सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान स्वयं जिम्मेदार होगें।

परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरने सम्बन्धी दिशा–निर्देश तथा परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन पद्धति के माध्यम से वेबसाइट **http://www.rpcraj.net** पर उपलब्ध हैं।

Ajain
उप परीक्षा नियंत्रक
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर

क्रमांकःपैरामेडिकल.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2018/ 298 दिनांकः 18.03.2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. परीक्षा नियत्रंक, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. निजी सचिव, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. प्रभारी सर्वर रूम (राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल) को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाईट पर शीघ्र अपलोड करावें।
5. नोटिस बोर्ड, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. निजी एवं रक्षित पत्रावली।

Ajain
उप परीक्षा नियंत्रक
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर